चाकू और अन्य नियंत्रित वस्तुओं के विक्रेताओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

1 सितंबर 2024 से क्वींसलैंड में ऐसे कानून प्रभावी होंगे, जिनका अर्थ है कि चाकू और अन्य वस्तुओं को **नियंत्रित वस्तुएँ** माना जाएगा।

1 सितंबर से कानूनी आवश्यकताएँ:

- आपको 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को चाकू और अन्य नियंत्रित वस्तुएँ नहीं बेचनी होंगी।
- विक्रेताओं के लिए आयु प्रतिबंध आवश्यकताओं के संबंध में साइनेज प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।
- विक्रेताओं को नियंत्रित वस्तुओं को 'suitable for combat' के रूप में प्रचारित या विज्ञापित नहीं करना होगा।
- विक्रेताओं को विशिष्ट रूप से नियंत्रित वस्तुओं को बिक्री से पहले सुरक्षापूर्वक संग्रहीत करना होगा।
  - एकधारी चाकू अवयस्कों को नहीं बेचे जा सकते हैं, लेकिन इन्हें कानून के तहत सुरक्षापूर्वक संग्रहीत करना अनिवार्य नहीं है, जब तक कि यह आपके व्यवसाय की नीति न हो।
  - कानून के तहत सुरक्षापूर्वक संग्रहीत करने की आवश्यकता वाली विशिष्ट रूप से नियंत्रित वस्तुओं में शामिल हैं: दोधारी चाकू, दोनों सिरों पर ब्लेड वाले चाकू, कुल्हाड़ियाँ, टॉमाहॉक्स, मैशेट्स, हंसिया, दरांतियाँ, तलवारें, भाले, भाले वाली बंदूकें और असली आग्नेयास्त्रों की तरह दिखने वाले जेल ब्लास्टर्स।

क्वींसलैंड के अंदर या क्वींसलैंड में नियंत्रित वस्तुओं को बेचने वाले सभी व्यक्तियों, व्यवसायों व स्थानों के लिए कानून लागू होते हैं, जिसमें ऑनलाइन और निजी बिक्रियाँ शामिल हैं।

व्यवसायों के लिए जानकारी

व्यवसायों को नए कानूनों को समझने और तैयार बनने में सहायता देने के लिए क्वींसलैंड पुलिस सेवा ने नेशनल रिटेल एसोसिएशन (National Retail Association) को संलग्न किया है।

नेशनल रिटेल टीम मई से लेकर अक्टूबर 2024 तक व्यवसायों के लिए कई प्रकार की सहायता सेवाएँ उपलब्ध करा रही है, जिसमें एक निःशुल्क हॉटलाइन, तथ्यपत्रक तथा साइनेज, ऑनलाइन वेबिनारें, और पूरे क्वींसलैंड-भर में 500 से भी अधिक शॉपिंग सेंटरों तथा रिटेल परिसरों में स्थित हजारों दुकानों में व्यक्तिगत रूप से मुलाकातें करना शामिल है।

और अधिक जानकारी: नए कानूनों, ऑनलाइन वेबिनारों, और व्यवसायों के लिए अनेकानेक तथ्यपत्रकों, साइनेज तथा अन्य संसाधनों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए नेशनल रिटेल एसोसिएशन की वेबसाइट पर जाएँ।

- **व्यवसायों के लिए वेबसाइट:** https://bit.ly/knifelaws-nationalretail

हमसे संपर्क करें: व्यवसाय उद्योग में अंतर्दृष्टि और सलाह के लिए नेशनल रिटेल एसोसिएशन से भी संपर्क कर सकते हैं।

- **ई-मेल:** policy@nationalretail.org.au
- **कॉल: 1800 571 146** (व्यवसायों के लिए निःशुल्क हॉटलाइन)

कौन सी वस्तुएँ यथार्थ रूप से प्रभावित हुई हैं और एक विक्रेता के रूप में आपके दायित्व क्या हैं, यह समझने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें या विक्रेताओं के लिए मार्गदर्शिका डाउनलोड करें।

और अधिक जानकारी प्राप्त करें

endknifeviolence.com.au

END. KNIFE VIOLENCE

NationalRetail ASSOCIATION

Queensland Government

Authorised by the Queensland Government, Brisbane.